तापमान
अधिकतम 27.0 डिग्री
न्यूनतम 18.0 डिग्री

हरिभूमि
# मध्यांचल भूमि

रायपुर, शनिवार 6 जनवरी 2024

बलौदाबाजार | भाटापारा | खरोरा | लवन | कसडोल | पलारी-अमेरा | बिलाईगढ़ | संडी बंगला

08 फरहदा और गाड़ाडीह में मनाई गई गुरु घासीदास जयंती



09 अशोक वाटिका से चरण पादुका पहुंची ग्राम मूरा



## खबर संक्षेप

### कलेक्टर चौहान ने पदभार ग्रहण किया

**भटगांव।** कलेक्टर केएल चौहान ने कलेक्टर कार्यालय सारंगढ़ बिलाईगढ़ जिले में पदभार ग्रहण किया। कलेक्टर ने अपर कलेक्टर निष्ठा पाण्डेय तिवारी, संयुक्त कलेक्टर मोनिका वर्मा, प्रकाश भारद्वाज, एसडीएम डॉ स्निग्धा तिवारी, वासु जैन, डिप्टी कलेक्टर टी आर महेश्वरी, बी एक्का, सीएमएचओ डॉ एफ आर निराला आदि जिला अधिकारियों से जिले की स्थिति की जानकारी ली। उल्लेखनीय है कि श्री चौहान पूर्व में अपर आयुक्त राजस्व बिलासपुर संभाग के रूप में पदस्थ थे।



### सोनाखान में होगी आंबा सहायिका की भर्ती

**बलौदाबाजार।** महिला एवं बाल विकास विभाग के अंतर्गत बलौदाबाजार एकीकृत बाल विकास परियोजना सोनाखान में मिनी आंगनबाड़ी सहायिका के 1 रिक्त पद पर भर्ती की जाएगी। इसमें आंगनबाड़ी सहायिका के 1 पद के लिए बाघमाड़ा शामिल हैं। सहायिका पद के लिए आठवीं उत्तीर्ण होना अनिवार्य है। यह पद केवल महिलाओं के लिए हैं। आवेदन करने के अंतिम तिथि 12 जनवरी तक कार्यालयीन समय में सायं 5 बजे तक कार्यालय एकीकृत बाल विकास परियोजना सोनाखान के पते पर अपना आवेदन पत्र स्पीड पोस्ट के माध्यम से भेज सकते हैं। विज्ञापन की विस्तृत जानकारी हेतु जिले की सरकारी वेबसाईट बलौदाबाजार डॉट जीओव्ही डॉट इन पर अवलोकन कर सकते है।

नगर पालिका ने आयोजित किया कार्यक्रम, प्रधानमंत्री की उपलब्धि और योजनाओं को गिनाया

# भारत संकल्प यात्रा में मिले अलग अलग विभागों के कई आवेदन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

भारत सरकार द्वारा प्रमुख योजनाओं के संतृप्तिकरण के लिए आउटरीच गतिविधियों के माध्यम से विकसित भारत संकल्प यात्रा का नगर पालिका परिषद बलौदाबाजार द्वारा नगर भवन में आयोजन किया गया। आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि चित्तावर जायसवाल अध्यक्ष नगर पालिका परिषद, विशेष अतिथि विजय केशरवानी समाजसेवी, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष नंदकुमार साहू, अशोक जैन एवं पार्षद सविता साहू, रीटा केशरवानी, प्रियंका सोनी, मनजीत कौर सलूजा, कमल टंडन, मनोजकांत पुरेना उपस्थित थे।

इस अवसर पर सर्वप्रथम आमंत्रित मुख्य अतिथि एवं अन्य अतिथिगणों के द्वारा जन सामान्य को लाभान्वित किए जाने वाले स्टॉलों का भ्रमण कर विकास कार्यों का अवलोकन किया गया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संदेश रथ भारत संकल्प यात्रा वाहन का पूजन कर योजनाओं का वाचन कार्यक्रम बड़े स्क्रीन युक्त वाहन से लोगों को दिखाया गया। मुख्य अतिथि चित्तावर जायसवाल का मुख्य नगर पालिका अधिकारी भोला सिंह ठाकुर के द्वारा स्वागत किया गया व अन्य मंचस्थ अतिथिगणों का नगर पालिका के उप अभियंता व कर्मचारियों द्वारा स्वागत वंदन किया गया। इस दौरान भारत की एकता व अखण्डता के लिए कार्य करते हुए भारत को उन्नतशील बनाने की शपथ दिलायी गयी। आयोजित कार्यक्रम के दौरान विशेष अतिथि विजय केशरवानी पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष नंदकुमार साहू, शिव शंकर अग्रवाल द्वारा प्रधानमंत्री जन कल्याणकारी योजनाओं के संचालन एवं उसके लाभ अर्जित करने सहित देश के विकास और उन्नति पर किए जा रहे कार्यों को बताया गया। श्री चित्तावर जायसवाल ने कहा कि भारत आज विकास और उन्नति के पद पर इतिहास गढ़ रहा है। 2024 के पश्चात यह गति और बढ़ेगी व लोकसभा चुनाव के बाद देश और राज्य और भी उन्नतशील होंगे। विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम में उपस्थित जनप्रतिनिधि व स्टॉल में कार्यरत अधिकारी एवं कर्मचारी व आयोजन में भागीदारी निभाने वाले समस्त कर्मचारियों का मुख्य नगर पालिका अधिकारी भोला सिंह ठाकुर द्वारा आभार व्यक्त किया गया व मंच का संचालन गोपाल सिंह वर्मा शिक्षा विभाग व नगर पालिका के गुरूदत्त तिवारी द्वारा किया गया। आयोजित कार्यक्रम में नरेश केशरवानी, एसएन पाध्ये, योगेश अग्रवाल, लखेपाल जायसवाल, विजयनारायण केशरवानी, शशिभूषण शुक्ला, नीलम सोनी, अनामिका अग्रवाल, सरिता वर्मा, रजनी केशरवानी, सीमा केशरवानी, सबा अली खान, आकाश जायसवाल, मयाराम पाल, शांति पात्रे, रोमी साहू, कृष्णा द्विवेदी, संजय श्रीवास सहित नगर पालिका के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

## भारत को उन्नतशील बनाने की शपथ दिलायी

### 6 हितग्राहियों को गैस सिलेंडर दिया गया

आयोजित कार्यक्रम के इस अवसर पर उज्ज्वला गैस के 6 हितग्राहियों को गैस सिलेंडर का वितरण भी किया गया, जिसमें जीतु साहू, गंगोत्री चंद्राकर, नंदरानी धीवर, मंटोरा जायसवाल, गायत्री फेकर, सावित्री यादव लाभान्वित हुए व केवाईसी के लिए 115 व ई–केवाईसी के 20 फार्म प्राप्त किया। प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत 119 फार्म का वितरण व 5 हितग्राही को प्रमाण पत्र प्रदान किया गया।



### बच्चों ने स्वच्छता का दिया संदेश

विकसित भारत संकल्प यात्रा अभियान के दौरान गुरुकुल इंग्लिश मीडियम हायर सेकंडरी स्कूल के बच्चों द्वारा स्वागत नृत्य एवं स्वच्छता का संदेश देते हुए नृत्य प्रस्तुत किया गया। मिनीमाता शासकीय महाविद्यालय की छात्राओं द्वारा पंथी नृत्य की प्रस्तुति दी गई व अन्य सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये गये।

### स्वनिधि योजना के अंतर्गत 49 आवेदन पत्र मिले

स्वनिधि योजना के अंतर्गत 49 आवेदन पत्र प्राप्त हुए व पूर्व के 12 हितग्राहियों को स्वनिधि योजना का लाभ प्रदान किया गया व 2 हितग्राही नोहर ध्रुव व किशन चेलक को 20–20 हजार का चेक मंच से प्रदान किया गया। विश्वकर्मा योजना के अंतर्गत 8 आवेदन पत्र व आधार अपडेट के 16 आवेदन प्राप्त हुए।

### वार्षिक कैलेण्डर का विमोचन किया गया

आयोजन के दौरान मंच से वार्षिक कैलेण्डर का विमोचन भी मचस्थ अतिथियों द्वारा किया गया। जिसमें देश के विकास व उन्नति की तस्वीर अंकित थी व छ.ग. आरएमए एसोसिएशन का वार्षिकक कैलेण्डर का भी विमोचन किया गया व जिला–बलौदाबाजार शासकीय स्वास्थ्य केन्द्र के उत्कृष्ट कार्य करने वाले चिकित्सक डॉ. अभिजीत बैनर्जी, डॉ. आलोक तिवारी, डॉ. अविनाश केशरवानी, डॉ. जयप्रकाश दुबे, भानूप्रताप वर्मा सहित महिला स्व. सहायता समूह की महिलाओं को सम्मानित किया गया व स्कूल के प्रतिभागी छात्र–छात्राओं को भी प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया।

# मवेशियों की चोरी करने वालों पर पुलिस ने की कार्रवाई



हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिमगा

- बनसांकरा कांजी हाऊस से 25 गायों को चोरी करते पकड़े गए थे उपसरपंच सहित तीन युवक

गत दिनों थाना क्षेत्रंतर्गत ग्राम बनसांकरा में कुछ अज्ञात लोगों द्वारा कांजी हाऊस से 25 गायों को चोरी छिपे ले जाते हुए ग्रामीणों ने पकड़ा था तथा इसकी शिकायत सिमगा थाने में कर आरोपियों पर कार्रवाई की मांग को लेकर बड़ी संख्या में ग्रामीण थाने पहुंचे थे। इस पर नवनियुक्त थाना प्रभारी परिवेश तिवारी ने मामले की जांच करते हुए तीन लोगों को हिरासत में लिया है। थाना प्रभारी तिवारी ने बताया कि मामले को गंभीरतापूर्वक लेते हुए संदेहियों से पुछताछ की गई। वहीं तीन लोग जिसमें समीर डहरिया पिता अंजोरदास डहरिया 23 वर्ष दरचुरा, डेकसिंह चौहान पिता उदेराम चौहान 30 वर्ष उपसरपंच बनसांकरा, गंगा सिंह पिता बिहारी सिंह ठाकुर 53 वर्ष बनसांकरा के विरुद्ध प्रतिबंधात्मक कार्रवाई करते हुए धारा 151 के तहत कार्यपालिक मजिस्ट्रेट के समक्ष पेश किया गया। थाना प्रभारी तिवारी ने बताया कि उन्होंने जनपद पंचायत सिमगा के मुख्य कार्यपालन ▶▶ शेष पेज 09 पर

हरिभूमि पाठक सूचना
बलौदाबाजार-भाटापारा जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
8224035555, 8370049468



## खबर संक्षेप



### नियमितीकरण सहित अन्य मांगों को लेकर सीएम से की मुलाकात

**रायपुर।** प्रदेश भर के अनियमित कर्मचारियों के नियमितीकरण, निकाले गए कर्मचारियों की बहाली, अंशकालीन कर्मचारियों को पूर्णकालिक करने सहित अन्य मांगों को लेकर अनियमित मोर्चा के पदाधिकारियों ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से मुलाकात की। छत्तीसगढ़ अनियमित कर्मचारी मोर्चा के प्रांतीय संयोजक गोपाल प्रसाद साहू के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री को ज्ञापन सौंपा। मुख्यमंत्री ने पदाधिकारियों की बातों को ध्यान से सुना और सकारात्मक पहल का भरोसा दिलाया। पदाधिकारियों ने अभिनन्दन कार्यक्रम के लिए समय देने का आग्रह किया। प्रतिनिधिमंडल में गोपाल प्रसाद साहू संयोजक, प्रेम प्रकाश गजेन्द्र, सह संयोजक एवं राजेश गुप्ता उपाध्यक्ष प्रमुख रूप से शामिल रहे।

### जिला नोडल अधिकारी डॉ. मिश्रा को दी विदाई



**रायपुर।** विगत दिनों राष्ट्रीय अंधत्व नियंत्रण की राज्यस्तरीय समीक्षा और डॉ. सुभाष मिश्रा की विदाई का कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में उपसस्थित अधिकारी-कर्मचारियों ने डॉ. मिश्रा को विदाई दी। इस मौके पर अधिकारियों ने बताया कि श्री मिश्रा ने मेडिकल कॉलेज रायपुर की नेत्र चलित इकाई के प्रभारी एवं रायपुर के जिला नोडल अधिकारी के रूप में 25 वर्ष सेवाएं दीं। 2010 से 4 वर्ष राज्य कार्यक्रम अधिकारी का कार्य किया। राज्य में मोतियाबिंद मुक्त दृष्टिहीनता रहित जिला योजना, कॉर्निया ब्लाइंडनेस फ्री स्टेट, एंबेसडर फॉर आई केयर, संपूर्ण नेत्र सुरक्षा, बाल नेत्र सुरक्षा सप्ताह, स्पेशल आई क्लीनिक फॉर ग्लाकोमा, रेटिना एंड पीडियाट्रिक ऑफ थैल्मोलॉजी, राष्ट्रीय राजमार्ग वाहन चालक नेत्र परीक्षण, टेलीविजन सेंटर जैसी योजना प्रारंभ की गई, जिन्हें राष्ट्रीय स्तर पर पहचान मिली।

### क्रिकेट मैच में छग गृह निर्माण मंडल की धमाकेदार जीत



**रायपुर।** विभागाध्यक्ष राजपत्रित अधिकारी संघ एवं शासकीय कर्मचारी संघ की ओर से नवा रायपुर के ग्राम राखी स्थित खेल मैदान में नवा रायपुर प्रीमियर लीग का आयोजन किया जा रहा है। इस आयोजन में नवा रायपुर स्थित विभिन्न विभागाध्यक्ष कार्यालय एवं मंत्रालय से 60 टीमों ने शामिल होकर हर मुकाबले को रोमांचक बना दिया। इस टूर्नामेंट में दिन का दूसरा मैच छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मंडल तथा संचालनालय पेंशन एवं भविष्यनिधि के बीच खेला गया। टॉस जीतकर संचालनालय की टीम ने गृह निर्माण मंडल को बैटिंग के लिए आमंत्रित किया।

### नए कलेक्टर गौरव सिंह ने संभाला कार्यभार

**रायपुर।** रायपुर जिले के नवनियुक्त कलेक्टर गौरव कुमार सिंह ने गुरुवार को कलेक्टोरेट पहुंचकर पदभार ग्रहण किया। उन्होंने जिले के 21वें कलेक्टर के रूप में कार्यभार संभाला। इस दौरान पूर्व कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर भुरे ने उन्हें गुलदस्ता भेंटकर नए दायित्व के लिए बधाई एवं शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर अपर कलेक्टर बीबी पंचभाई, बीसी साहू, गजेंद्र सिंह ठाकुर सहित जिले के कई अधिकारी भी मौजूद रहे। नवनियुक्त कलेक्टर ने इस दौरान अधिकारियों से परिचय प्राप्त कर उनसे संबंधित विभागों के कार्यों की भी जानकारी ली। उल्लेखनीय है कि डा. सिंह 2013 बैच के अखिल भारतीय सेवा के अधिकारी हैं।



# अचानकमार टाइगर रिजर्व में बाघों का पेट भरने 27 वर्ग किलोमीटर में हर्बिवोर !

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

अलग खबर

किसी भी राज्य के टाइगर रिजर्व में बाघों की संख्या बढ़ाने प्राकृतिक अनुकूलता के साथ बाघों का पेट भरने पर्याप्त शिकार की व्यवस्था होना जरूरी है। तभी बाघों की संख्या में वृद्धि हो पाना संभव है। बाघों की गणना रिपोर्ट आने के बाद अचानकमार टाइगर रिजर्व में बाघों की संख्या पूर्व में चार की तुलना में आठ होने का वन अफसर दावा कर रहे हैं। अफसरों के अनुसार एटीआर में वर्तमान में दो नर बाघ के पीछे छह मादा बाघ हैं, इससे क्षेत्र में आने वाले वर्षों में बाघों की संख्या में तेजी से इजाफा होने का दावा किया गया है। गौरतलब है कि पूर्ववर्ती सरकार ने एटीआर में बाघों की संख्या बढ़ाने पड़ोसी राज्य महाराष्ट्र तथा मध्यप्रदेश से बाघ लाकर रि इंट्रोड्यूस करने का निर्णय लिया था, तब एटीआर में चार बाघ थे। एटीआर के फील्ड डायरेटर एस. जगदीशन के मुताबिक ट्रैप कैमरा में एटीआर में अब तक आठ बाघों के होने की पुष्टि हुई है। अफसर के अनुसार एटीआर में वर्तमान में जितने बाघ हैं, उनकी सुरक्षा के साथ बाघों को शिकार करने पर्याप्त हर्बिबोर मिले, इस ओर पहले ध्यान दिया जा रहा है।

- कानन पेंडारी के बाद जंगल सफारी से चीतल शिफ्ट करने इनक्लोजर बनाने का काम चल रहा
- एटीआर में दो नर बाघ के लिए आधा दर्जन मादा बाघ होने का दावा
- एनटीसीए ने एटीआर में दूसरे टाइगर रिजर्व से बाघ लाकर शिफ्ट करने की दी है अनुमति



### शर्तों के साथ बाघ लाने की अनुमति

अफसर के अनुसार पिछले वर्ष सितंबर अक्टूबर में एनटीसीए ने शर्तों के साथ बाघ लाने की अनुमति प्रदान की है। एनटीसीए की पहली शर्त बाघों की सुरक्षा है। इसके बाद दूसरी शर्त बाघों के पेट भरने के लिए पर्याप्त मात्रा में हर्बिबोर होने की शर्त है। एनटीसीए की शर्तों को पूरा करने एटीआर में चीतल की संख्या बढ़ाने उपाय किए जा रहे हैं।

### सफारी से ले जाएंगे डेढ़ सौ चीतल

बाघों को शिकार के लिए पर्याप्त संख्या में हर्बिबोर मिल सके, इसके लिए जंगल सफारी से डेढ़ सौ चीतल अचानकमार टाइगर रिजर्व में शिफ्ट करने की जानकारी फील्ड डायरेक्टर ने दी है। अफसर के अनुसार एटीआर में चीतल शिफ्ट करने के पहले इनक्लोजर बनाने का काम चल रहा है, जो फरवरी तक कंपलीट हो जाएगा।

### ऐसे छोड़ेंगे चीतल को जंगल में

जंगल सफारी से चीतल अचानकमार में शिफ्ट करने के बाद उन्हें जंगल में ऐसे ही नहीं छोड़ा जाएगा। इनक्लोजर में चीतल की ब्रीडिंग होने के बाद उसी अनुपात में वयस्क चीतल जंगल में छोड़े जाएंगे। उल्लेखनीय है कि चीतल का ब्रीडिंग 90 से 100 दिन के भीतर होता है। सफारी से चीतल शिफ्ट करने के बाद जंगल में चीतलों को छोड़ने कम से कम तीन महीने का समय लगेगा।

### शिकार के लिए प्रति 27 वर्ग किलोमीटर में चीतल

अचानकमार टाइगर रिजर्व में वर्तमान में आठ बाघ स्थायी रूप से रह रहे हैं। ऐसे में प्रत्येक बाघ के लिए वर्तमान में 27 वर्ग किलोमीटर में एक हर्बिबोर प्रजाति का वन्यजीव है, जबकि मध्यप्रदेश स्थित कान्हा टाइगर रिजर्व में बाघों के शिकार के लिए प्रति 10 वर्ग किलोमीटर में हर्बिबोर प्रजाति के वन्यजीव हैं।

### स्थिति अनुकूल नहीं होने पर दूसरे जंगल शिफ्ट

अफसर के अनुसार बाघों को अनुकूल परिस्थिति मिले, इसमें प्रमुख रूप से बाघों की मेटिंग के साथ पीने के लिए पर्याप्त पानी की व्यवस्था के साथ शिकार के लिए वन्यजीवों का होना जरूरी है। ऐसा नहीं होने पर बाघ किसी दूसरे जंगल में शिफ्ट हो जाएंगे या फिर रहवासी क्षेत्र में घुसकर मवेशियों के साथ जान माल को नुकसान पहुंचाएंगे।

### सौ से ज्यादा बीट में 39 फॉरेस्ट गार्ड

गौरतलब है कि अचानकमार टाइगर रिजर्व में पेट्रोलिंग करने के लिए 109 बीट हैं। इन 109 बीट में पेट्रोलिंग करने वर्तमान में 39 के करीब फॉरेस्ट गार्ड हैं, जिन्हें अतिरिक्त प्रभार दिया गया है। एनटीसीए की सुरक्षा शर्तों को पूरा करने एटीआर में प्रति 10 किलोमीटर में कैंप बनाने के साथ फॉरेस्ट गार्ड की संख्या बढ़ाने एटीआर प्रबंधन शासन को पत्र लिखने की बात कह रहा है।

## मुद्दा : सदस्यों ने पूछा- कहां और कब होती है वार्ड में फागिंग?

# मच्छर उन्मूलन को लेकर मची हायतौबा, मेयर के सामने हेल्थ अफसर पर बिफरे एमआईसी मेंबर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

शहर में मच्छरों के उन्मूलन को लेकर की जा रही फागिंग को लेकर निगम में गुरुवार को हायतौबा मच गई। महापौर के सामने ही उनके वरिष्ठ सदस्यों ने स्वास्थ्य विभाग के उपायुक्त एके हालदार पर सवालों की झड़ी लगा दी। श्री हालदार ने जवाब में बताया कि सभी जगह जोन के माध्यम से फागिंग कराई जा रही है। इस पर सदस्य बिफर उठे। एमआईसी सदस्य सतनाम पनाग ने कहा उनके वार्ड में नियमित फागिंग नहीं हो रही। वरिष्ठ एमआईसी सदस्य ज्ञानेश शर्मा ने भी सवाल दाग दिया कि उनके वार्ड में भी फागिंग नही हो रही क्यों?

महापौर एजाज ढेबर के सामने ही मच्छरों के उन्मूलन को लेकर सदस्यों ने निगम के स्वास्थ्य अधिकारी के सामने एक-एक कर सवाल जड़ दिए। एमआईसी सदस्य सतनाम पनाग ने श्री हालदार से पूछा उनके वार्ड में नियमित रूप से फागिंग क्यों नहीं हो रही? 10 लीटर डीजल में सप्ताह में दो दिन फागिंग होती है ऐसा क्यों? जवाब में स्वास्थ्य अधिकारी ने कहा एमआईसी बैठक में संबंधित जोन कमिश्नर ने वार्डों में फागिंग कराने की बात कही है। सदस्य ने कहा आप ही जेडएचओ से पूछ लें क्या स्थिति है, पता चला 10 लीटर डीजल लेकर सप्ताह में मात्र दो दिन फागिंग करा रहे हैं। वरिष्ठ एमआईसी सदस्य ज्ञानेश शर्मा ने कहा उनके वार्ड में तो फागिंग ही नहीं हो रही, फिर मच्छरों से लोगों को कैसे निजात मिलेगी?



### शहर से कैसे खत्म होंगे मच्छर, कोई मॉडल है क्या?

एमआईसी सदस्य ज्ञानेश शर्मा ने स्वास्थ्य अधिकारी से सवाल किया, शहर में कैसे खत्म होगा मच्छर? आपके पास कोई मॉडल है तो लेकर आएं? जिस तरह देशभर में पोलियो के समूल खात्मे के लिए पल्स पोलियो अभियान कारगर हुआ, उसी तर्ज पर पूरे शहर में मच्छर उन्मूलन की योजना क्यों नहीं बनाते? वरिष्ठ एमआईसी सदस्य श्रीकुमार मेनन ने कहा शहर में मच्छरों की समस्या का प्रमुख कारण ओपन ड्रेनेज है। नाले-नालियों को जब तक पूरी तरह कवर्ड नहीं करेंगे, मच्छरों की समस्या रहेगी। उन्होंने कहा, महापौर का प्रपोजल है कि मच्छरों के उन्मूलन का काम ठेका में दिया जाए, पर इसमें रिजल्ट की गारंटी हो तब बात बनेगी। जवाब में नगर निगम के स्वास्थ्य विभाग उपायुक्त एके हालदार ने बताया हमने प्रपोजल बनाया है, जिसमें शहरभर से मच्छरों के उन्मूलन के लिए कांट्रेक्ट में काम देंगे। एजेंसी ही शहरभर में फागिंग कराएगी। इसमें 50 फीसदी राशि पहले देनी होगी, बाकी के 50 फीसदी रिजल्द देखकर देने की शर्त रहेगी। महापौर एजाज ढेबर ने सदस्यों की बात सुनकर इसकी समग्र योजना बनाने विभागीय अधिकारी को हिदायत दी।

### डॉग शेल्टर का जल्द पूरा कराएं काम : ढेबर

महापौर एजाज ढेबर ने स्वास्थ्य अधिकारी को निर्देशित किया, लोगों को डाग बाइट से बचाने शहर के आउटर में डाग शेल्टर बनाने का काम जल्द पूरा कराएं। हर हाल में यह काम समय पर पूरा होना चाहिए। विदित हो, सोनडोंगरी में प्रदेश का पहला डाग शेल्टर होम नगर निगम बनवा रहा है। इससे आने वाले दिनों में आवारा कुत्तों की दहशहत से लोगों को निजात मिलेगी। साथ ही बीमार व कमजोर कुत्तों के उपचार की व्यवस्था बनाने में आसानी होगी।

# फरहदा और गाड़ाडीह में मनाई गई गुरु घासीदास जयंती



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भाटापारा

ग्राम पंचायत फरहदा एवं गाड़ाडीह में गुरु घासीदास जयंती धूमधाम से मनाई गई, जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में इंजीनियर केके देवांगन सदस्य प्रदेश भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा शामिल हुए। देवांगन ने सभी को गुरु बाबा के बताए मार्ग पर चलने और उनके सिद्धांतों को अपने जीवन में आत्मसात करने की बात कही। उन्होंने कहा कि सतनामी समाज का इतिहास हमेशा से ही गौरव शाली रहा है। औरंगजेब, मुगल शासक से भी सतनामी ने समाज युद्ध किया है। यह निडरता को आज भी समाज में देखने को मिलता है और आज भी समाज संगठित होकर बाबाजी की जयंती को गांव-गांव में मनाते है और पंथी नृत्य के माध्यम से बाबाजी का संदेश लोगों तक पहुंचाते हैं। देवांगन ने सभी को शराब जैसे नशे से दूर रहने और शिक्षा के प्रति जागरूक होने की बात कही। इस अवसर पर फरहदा के जनपद सदस्य महीस जांगड़े, राजेंद्र सोनवानी, रोहित यदु, स्वप्निल नामदेव मैनेजर यूनियन बैंक, गाड़ाडीह के राकेश टंडन, गीता गांव के पंच एवं समस्त ग्रामवासी उपास्थित थे।

- प्रदेश भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा के सदस्य इंजीनियर देवांगन हुए शामिल

# विकसित भारत पर कॉलेज में हुई निबंध और पोस्टर प्रतियोगिता



हरिभूमि न्यूज ▶▶| लवन

शासकीय महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. अशोक कुमार उपाध्याय के मार्गदर्शन में भारत सरकार के मिशन विकसित भारत 2047 के तारतम्य में निबंध प्रतियोगिता एवं पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें विद्यार्थियों द्वारा शानदार प्रदर्शन किया गया। इस प्रतियोगिता के माध्यम से विद्यार्थियों द्वारा भारत को विकसित करने के लिए अपने अपने विचारों को निबंध और पोस्टर में उकेरा। कार्यक्रम के संयोजक डीके हिरवानी सहा. प्राध्यापक इतिहास ने अपने उद्बोधन में विद्यार्थियों को विकसित भारत के लिए आधारस्तंभ बताया। महाविद्यालय परिसर में स्थित एक पर्दे में विकसित भारत 2047 के लिए विद्यार्थियों ने अपने अपने विचारों को प्रकट किया है।

कार्यक्रम में महाविद्यालय के सहायक प्राध्यापक एलएन ध्रुव, वायआर महिलाने, अजय मिश्रा, आरके खांडेकर, चन्द्रशेखर डहरिया, भीम प्रकाश बौद्ध, कमल नारायण घृतलहरे, सुश्री हर कुमारी पटेल, जय प्रकाश खूंटे तथा अतिथि व्याख्याता राकेश डहरिया, पंचानंद प्रधान एवं समस्त विद्यार्थी उपस्थित थे।

# भारत स्काउट एंड गाइड छत्तीसगढ़ इकाई के अध्यक्ष बने बृजमोहन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

शिक्षामंत्री बृजमोहन अग्रवाल से भारत स्काउट एंड गाइड संगठन के प्रतिनिधिमंडल ने मुलाकात कर उन्हें भारत स्काउट एंड गाइड छत्तीसगढ़ इकाई के अध्यक्ष बनने का आग्रह किया। श्री अग्रवाल इसे स्वीकार कर भारत स्काउट एंड गाइड राज्य इकाई के अध्यक्ष बने। गौरतलब है कि राज्य के शिक्षामंत्री भारत स्काउट एंड गाइड के राज्य इकाई के पदेन अध्यक्ष होते हैं।

- स्काउट की गतिविधियों को बढ़ाने की आवश्यकता

शिक्षामंत्री श्री अग्रवाल ने कहा, भारत स्काउट एंड गाइड सेवा भावना से काम करने वाली संस्था है, जिसकी गतिविधियों को बढ़ाने की जरूरत है। आने वाले समय में इसको अंतर्राष्ट्रीय स्तर का बनाया जायेगा। राज्य में सामाजिक एवं अन्य कार्यक्रमों में स्काउट एंड गाइड के सदस्यों को वालंटियर के तौर पर शामिल किया जाए। अयोध्या में 22 जनवरी को श्रीराम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा के मौके पर रायपुर समेत पूरे छत्तीसगढ़ में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा, जिसमें वॉलेंटियर के तौर पर व्यवस्था संभालने की जिम्मेदारी स्काउट एंड गाइड की रहेगी।

### ये रहे उपस्थित

इस मौके पर कार्यक्रम में राज्य मुख्य आयुक्त स्काउट एंड गाइड एवं पूर्व विधायक विनोद सेवनलाल चंद्राकर, कार्यकारी अध्यक्ष राजेश अग्रवाल, राज्य सचिव कैलाश सोनी, सोमनाथ यादव समेत बड़ी संख्या में स्काउट एंड गाइड के छत्तीसगढ़ इकाई के सदस्य मौजूद रहे।

# 2100 अधूरे पड़े मकान मार्च तक होंगे कंप्लीट, 40 हजार नए मकान भी बनेंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

हरिभूमि सरोकार

प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत रायपुर जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में वर्ष 2021 से 2100 से ज्यादा मकान अधूरे पड़े हुए हैं। इन मकानों को फंड की कमी के कारण कंप्लीट नहीं किया जा रहा था।

अधूरे बने मकानों के कारण हितग्राहियों को योजना का लाभ नहीं मिल पा रहा था। प्रदेश में नई सरकार बनते ही अब अधूरे मकानों की सुध लेते हुए इन्हें मार्च तक कंप्लीट करने के निर्देश दिए गए हैं। वहीं योजना के तहत 40 हजार नए मकानों के निर्माण के लिए फंड भी जारी किया गया है। रायपुर जिला पंचायत के पूर्व सीईओ अबिनाश मिश्रा ने नगर निगम आयुक्त बनाए जाने से ठीक एक दिन पहले इसकी जानकारी दी थी।

विभागीय आंकड़ों के अनुसार वर्ष 2016 से लेकर वर्ष 2023 तक जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में 29 हजार 480 मकानों के निर्माण की स्वीकृति दी गई थी। इसके विरुद्ध 27 हजार के करीब मकानों का निर्माण कार्य कंप्लीट हो चुका है, जबकि 21 सौ से ज्यादा अब तक अधूरे हैं। इन मकानों में कइयों की पहली किस्त तो कइयों की दूसरी, तीसरी एवं चौथी किस्तों का भुगतान नहीं किया गया है। विभागीय सूत्रों के अनुसार अधूरे मकानों का निर्माण कंप्लीट कराने के लिए 6 माह पहले फंड जारी किया गया था, लेकिन इसके बाद भी इन मकानों को कंप्लीट नहीं किया गया है।

प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत रायपुर जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में नए मकानों के निर्माण के लिए 25 करोड़ फंड जारी

### निर्माण कार्य में आएगी तेजी

*अधूरे मकानों का निर्माण कार्य में अब तेजी देखने को मिल सकती है। पूर्व सीईओ अबिनाश मिश्रा ने अधूरे मकानों का निर्माण कार्य में तेजी लाने अधिकारियों को निर्देशित किया है। उन्होंने बताया कि बारिश का सीजन और फिर विधानसभा चुनाव के कारण काम प्रभावित रहा, लेकिन सभी अधूरे मकानों को मार्च तक कंप्लीट करने के लिए कहा गया है, ताकि नए मकानों का निर्माण कार्य प्रारंभ हो सके। उन्होंने बताया कि 40 हजार मकानों के निर्माण के लिए 25 करोड़ रुपए जारी किया गया है।*

## खनिज संसाधनों के माध्यम से रोजगार के अधिकतम मौके पैदा करना है

# पर्याप्त संसाधन हैं हमारे पास, राज्य को बनाएंगे अग्रणी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने राज्य योजना आयोग के कार्यों की समीक्षा बैठक में कहा, छत्तीसगढ़ में पर्याप्त संसाधन हैं और इसके प्रभावी उपयोग के लिए कुशल मानव संसाधन भी है। राज्य योजना आयोग इनके उपयोग के माध्यम से छत्तीसगढ़ में तेज और संतुलित विकास के लिए प्रभावी योजनाएं तैयार कर रहा है। एसडीजी प्रोग्रेस के माध्यम से जिलों में विकास के लिए निर्धारित लक्ष्यों के बारे में सतत समीक्षा की जा रही है। इसकी समीक्षा करते हुए प्रभावी योजनाओं तथा इनके क्रियान्वयन के माध्यम से हम छत्तीसगढ़ को अग्रणी राज्य बनाएंगे। मुख्यमंत्री ने एसडीजी (सतत विकास लक्ष्य) डिस्ट्रिक्ट प्रोग्रेस रिपोर्ट 2022 का विमोचन किया। रिपोर्ट में धमतरी, बालोद और रायपुर जिले अग्रणी रहे। मुख्यमंत्री ने इन्हें बधाई दी।मुख्यमंत्री ने कहा, छत्तीसगढ़ वन संपदा और खनिज से भरपूर राज्य है। वनोपजों का वैल्यू एडिशन करना है। खनिज संसाधनों के माध्यम से रोजगार के अधिकतम मौके पैदा करना है। सरगुजा और बस्तर जैसे क्षेत्रों के विकास के लिए विशेष प्रयास करने हैं। वनोपजों में वैल्यू एडिशन किये जाने से इनके संग्राहकों के लिए आय के बेहतर अवसर पैदा होते हैं। मत्स्यपालन जैसे क्षेत्रों में अधिक कार्य किये जाने की आवश्यकता है, ताकि कृषि के साथ इस तरह की गतिविधियों में भी जोड़कर किसानों की आय बढ़ाई जा सके।



### राज्य के साथ अब फ्रंट रनर श्रेणी में 18 जिले

रिपोर्ट में बताया गया है, वर्ष 2021 में 10 जिले फ्रंट रनर थे, लेकिन 2022 में इनकी संख्या 18 हो गई है। इनमें धमतरी, बालोद, रायपुर, दुर्ग, बिलासपुर, राजनांदगांव, कांकेर, रायगढ़, महासमुंद, मुंगेली, गरियाबंद, बेमेतरा, सरगुजा, कोरिया, कबीरधाम, कोरबा, सूरजपुर एवं बलौदा बाजार शामिल हैं। शेष जिले- परफार्मर श्रेणी में हैं। राज्य का कंपोजिट स्कोर में 64 से बढ़कर 68 हो गया है। इसी के साथ राज्य परफार्मर की श्रेणी से फ्रंट रनर श्रेणी में आ गया है।

### लक्ष्यों को प्राप्त करने नियमिति समीक्षा हो : चौधरी

योजना, आर्थिक एवं सांख्यिकी मंत्री ओपी चौधरी कहा, सतत विकास लक्ष्यों की प्राप्ति के लिए राज्य योजना आयोग द्वारा शोध एवं अध्ययन कार्य तथा नवाचार को प्रोत्साहन देने जैसा कार्य किया गया है। आयोग द्वारा तैयार की गई प्रोग्रेस रिपोर्ट इस संबंध में वर्षवार गोल आधारित एवं जिला आधारित विश्लेषण करती है। श्री चौधरी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा दी गई गारंटी का इन लक्ष्यों से प्रत्यक्ष संबंध है। सभी विभागों को प्रगति की नियमित समीक्षा करनी चाहिए, ताकि लक्ष्यों को प्राप्त किया जा सके। आयोग के उपाध्यक्ष अजय सिंह ने बताया कि संयुक्त राष्ट्र संघ द्वारा सतत विकास के लिए जो 17 लक्ष्य निर्धारित किए गए हैं, उन्हें प्राप्त करने के लिए राज्य प्रतिबद्ध है। बैठक में राज्य योजना आयोग के सदस्य डॉ. के. सुब्रमणियम, मुख्यमंत्री के सचिव पी. दयानंद, योजना आर्थिक एवं सांख्यिकी विभाग के सचिव अंकित आनंद, राज्य योजना आयोग के संयुक्त संचालक डॉ. नीतू गौरडिया, यूनिसेफ के बाल परितोष दास एवं राज्य योजना आयोग के अधिकारी उपस्थित रहे।

# पुलिस व्यवस्था में सुधार की मांग, 12 को मौन प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

दुर्ग पुलिस के निलंबित आरक्षक संजीव मिश्रा ने पुलिस व्यवस्था में सुधार करने की मांग को लेकर संयुक्त पुलिस परिवार द्वारा 12 जनवरी को एक दिवसीय मौन प्रदर्शन करने रायपुर एसएसपी को ज्ञापन सौंपा है। आरक्षक ने एसएसपी को ज्ञापन सौंपते हुए कहा कि पुलिस विभाग में वर्षों से कई कुप्रथा चली आ रही है। इस ओर विभाग तथा शासन का भी ध्यान आकर्षित किया गया है, बावजूद इसके अब तक निदान नहीं हो पाया है।

- संयुक्त पुलिस परिवार के बैनर तले प्रदर्शन

आरक्षक ने एसएसपी कार्यालय में सौंपे अपने ज्ञापन में कहा कि आईपीएस तथा राज्य पुलिस सेवा से जुड़े पुलिस अफसरों का संगठन है, लेकिन निचले स्तर के पुलिसकर्मियों का कोई संगठन नहीं है, जहां वे अपनी बात रख सकें। आरक्षक ने पुलिस विभाग में सेवा दे रहे 40 हजार जवानों के पास रहने के लिए शासकीय आवास नहीं होने की बात कही है। इसके अलावा वेतन विसंगती दूर करने के साथ बस्तर में तैनात डीएसएफ जवानों को चतुर्थ वर्ग कर्मचारी के बराबर वेतन देने का आरोप लगाया है। निचले स्तर के कर्मचारियों की परेशानी तथा विसंगती दूर करने की मांग को लेकर शांतिपूर्वक मौन प्रदर्शन करने संजीव मिश्रा ने ज्ञापन सौंपा है।

## खबर संक्षेप

### युवक-युवती परिचय सम्मेलन राजधानी में 7 को

**खरोरा।** सतनामी उत्थान एवं जागृति समिति रायपुर इस वर्ष भी सतनामी युवक युवती परिचय सम्मेलन खालसा स्कूल परिसर रायपुर में 7 जनवरी रविवार को आयोजित किया जा रहा है। इसमे प्रदेश के अलावा विभिन्न प्रांतों के युवक युवती भाग लेंगे। परिचय सम्मेलन सुबह 10 बजे प्रारंभ किया जाएगा। इसमें 21 वर्ष से अधिक युवक एवं 18 वर्ष से अधिक युवती के साथ माता पिता अभिभावक पालक की अनुमति रहेगी। समिति के प्रदेशाध्यक्ष जय बहादुर बंजारे ने बताया कि अग्रिम पंजीयन किया जा रहा है और पंजीयन स्थल पर भी पंजीयन की व्यवस्था रहेगी तथा सफल आयोजन के लिए सभी स्वजाति युवक युवतियों को अधिक से अधिक संख्या में भाग लेकर अपनी जीवन साथी चुनने का सुअवसर प्राप्त करने की अपील की है।

### मछुआ सहकारी समिति का चुनाव 25 को

**बलौदाबाजार।** मछुआ सहकारी समिति मर्यादित कुकुरदी,पंजियन क्रमांक 38 द्वारा राज्य सहकारी निर्वाचन आयोग छ.ग. के निर्देश पर बोर्ड के सदस्यों का अनारक्षित वर्ग से 6, अन्य पिछड़ा वर्ग से 1 एवं अनुसुचित जनजाति वर्ग से 4 जिसमें से महिला वर्ग के लिये आरक्षण, सामान्य वर्ग से 1 पद एवं अजजा वर्ग से 1 पद के लिए निर्वाचन के लिए 12 जनवरी को नियोजन पत्र प्राप्त किये जायेंगे। 13 जनवरी को नियोजन पत्रों की जांच की जायेगी। 14 जनवरी को उम्मीद्वारी वापस लेने तथा उम्मीद्वारों की अंतिम सूची का प्रकाशन आवश्यकता होने पर चुनाव चिन्ह आबंटन किया जायेगा। 19 जनवरी को आमसभा आयोजित की गई है, जिसमें मतदान की आवश्यकता होने पर मतदान एवं मतगणना कराई जायेगी। 25 जनवरी को अध्यक्ष-उपाध्यक्ष एवं अन्य पदाधिकारियों का निर्वाचन सम्पन्न होगा।

**63 पौवा शराब जब्त कोचिया गिरफ्तार : रायपुर।** धरसींवा थाना क्षेत्र की सिलयारी चौकी पुलिस ने एक शराब कोचिया को शराब बेचते रंगे हाथ गिरफ्तार कर उसके कब्जे से साढ़े सात हजार रुपए कीमत की 63 पौवा देशी तथा अंग्रेजी शराब जब्त की है।

## पेज 7 का शेष

### मवेशियों की चोरी...

अधिकारी अमित दुबे से चर्चा में कहा कि ऐसे कांजी हाउस या गौशाला जहां से मवेशियों को विधिवत बाहर ले जाने संबंधी व्यवस्था करने तथा भविष्य में ऐसी परिस्थिति को निर्मित ना होने के लिए उचित कार्रवाई करने का अनुरोध किया। उन्होंने कहा कि वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के आदेशानुसार जनमानस की भावनाओं को देखते हुए मवेशियों की तस्करी जैसे किसी भी अवैधानिक प्रयास के विरुद्ध सिमगा पुलिस लगातार कार्रवाई करेगी।

उल्लेखनीय हो कि थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम बनसांकरा, चौरेंगा, गणेशपुर, विश्रामपुर, झनकपुर में वर्षों से कोचियों के माध्यम से गौ तस्करी का व्यापार फल फूल रहा है। वहीं दामाखेड़ा से लगे ग्राम किरवई में सैकड़ों वर्षों से मवेशी बाजार लगते आ रहा है, जहां मवेशियों की खरीदी बिक्री होती है। मवेशी तस्कर काफी सक्रिय हैं, जो औरंगाबाद स्थित कत्लखाना में कट्टी के लिए सप्लायी करते हैं।

**निरीक्षण : भड़के विधायक को सफाई देने लगे मौजूद अफसर और इंजीनियर**

# सड़क की गुणवत्ता परखने पहुंचे विधायक पैर से खुरचने पर उखड़ने लगी सड़क

हरिभूमि न्यूज ⏭ कसडोल

शुक्रवार की सुबह 11 बजे आसपास ग्रामीणों की शिकायत पर अचानक सड़क की गुणवत्ता जांचने के लिये विधायक संदीप साहू सड़क पर उतरे। विधायक को अचानक देखकर लोग हैरान हो गए, लेकिन कुछ समय बाद लोगों को पता चला कि जनता की बुनियादी सुविधाओं को जांचने के लिये मुख्यमंत्री ग्रामीण विकास सड़क योजना के तहत बनी सड़क की गुणवत्ता जांचने और लोगों से सीधे रूबरू होने आए हैं, तो सब गदगद हो गए। देखते ही देखते लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी। ज्ञात हो कि मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत हाल ही में बनी छरछेद मॉडल स्कूल, कोट, छांछि, सेल से मोतीपुर सड़क का गुणवत्ताहीन निर्माण ठेकेदार द्वारा कराया गया है।

जिसका प्रशासन भी समाचार पत्रों में भी प्रमुखता से प्रकाशित हुआ था। वहीं इस घटिया क्वालिटी की सड़क निर्माण की शिकायत को त्वरित संज्ञान लेते हुए शुक्रवार को स्वयं विधायक संदीप साहू सड़क की जांच करने मौके पर पहुंचे। इस दौरान बलौदाबाजार से सड़क संबंधित इंजीनियर और अधिकारियों और ग्रामीणों की मौजूदगी में रोड़ का भौतिक सत्यापन किया गया, जिसमें ग्रामीणों ने सड़क की क्वालिटी को पैरों से रौंद कर दिखाया, जिसमें यह देखा गया कि सड़क पैरों से रौदने मात्र से उखड़ गई। निर्माणाधिन सड़क को जगह-जगह चेक किया गया, जहां रोड़ सभी जगह ऐसे ही उखड़ गई।





### शिकायत सही पाई गई

ऐसा नजारा और गुणवत्ताहीन निर्माण देखकर विधायक संदीप साहू अधिकारियों पर भड़के। उन्होंने कहा ऐसा काम नहीं चलेगा। ग्रामीणों द्वारा की गई शिकायत सही पाई गई। विधायक ने कहा ठीक से काम कराओ, लोगों की बुनियादी सुविधाओं पर ढाका मत डालो। भ्रष्टाचार करना बंद करो। वहीं मौजूद अधिकारी कागज में बनी रोड को दिखाने लगे और अपनी ओर से सफाई देते दिखे, लेकिन गुणवत्ताहीन रोड़ की माली हालत देख ओ भी मूकदर्शक बने रहे। इस दौरान सरपंच संघ प्रदेश उपाध्यक्ष भरतदास मानिकपुरी, कोट सरपंच प्रतिनिधि गोविंद साहू, कांग्रेस के स्थानीय नेता, पत्रकार सहित सैकड़ों की संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।




### जले ऑयल का छिड़काव किया गया

इस संबंध में ग्रामीणों ने बताया कि इस सड़क में ठेकेदार द्वारा पहले न तो अच्छे से पानी डाला गया है और न ही क्वालिटी युक्त मटेरियल में डामर और इमल्शन का उपयोग किया गया है। ज्यादातर सड़क निर्माण में डामर की जगह जले ऑयल का छिड़काव किया गया है, जिससे गुणवत्ता में कमी देखी जा सकती है। उक्त घटिया सड़क निर्माण होने से ग्रामीणों में आक्रोश व्यक्त करते हुए विधायक से शिकायत की थी और बताया था कि ठेकेदार सड़क के बगल की मिट्टी को जेसीबी से खोदकर सड़क के ही बगल में डालकर बिखराव किया है, जबकि बाहर से मुरुम लाकर सड़क के बगल में डालना चाहिए था, जिससे सड़क मजबूत हो। और तो और इस सड़क को पैरों से खुरचने से परत दर परत सड़क से मटेरियल उखड़ते जा रहे हैं।




### मैने सड़क का मुआयना किया

ग्रामीणों की शिकायत पर मैंने आज मौका मुआयना किया, सड़क निर्माण में लापरवाही मिली है। मौके पर अधिकारियों को गुणवत्ता पूर्ण सड़क निर्माण के लिए कहा गया है। क्षेत्र के किसी भी निर्माण कार्य में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। साथ ही मुख्यमंत्री से भी इसकी शिकायत की जाएगी।

**-संदीप साहू,** विधायक, कसडोल

### मैं वर्जन के लिए अधिकृत नहीं

मैं वर्जन के लिए अधिकृत नहीं हूँ, आप ईई सर से बात कर लीजिए।

**-प्रमोद निर्मलकर**
एसडीओ, मुख्यमंत्री सड़क योजना

## जिले में प्लेसमेंट कैंप का आयोजन 8 को

**बलौदाबाजार।** जिले के शिक्षित युवाओं को निजी क्षेत्र में रोजगार के अवसर प्रदान करने के लिए जिला मुख्यालय स्थित रोजगार कार्यालय परिसर में 8 जनवरी को प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन किया जा रहा है। उक्त प्लेसमेन्ट कैम्प सुबह 11 से 3 बजे तक आयोजित होगा।

जिला रोजगार अधिकारी ने इस संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि इस प्लेसमेन्ट कैम्प में नियोजक वेक्टर फाइनेंस प्रालिमि रायपुर द्वारा कस्टमर रिलेशनशिप आफिसर के 17 पद शैक्षणिक योग्यता बारहवी उत्तीर्ण एवं अनुभव 1 वर्ष, उम्र 18 से 32 वर्ष तक, वेतन 15 हजार 500 रूपये, ब्रांच एक्सक्यूटिव के 5 पद शैक्षणिक योग्यता स्नातक उत्तीर्ण एवं पीजीडीसीए, उम्र 18 से 32 वर्ष तक, वेतन 12 हजार 800 रूपये देय होगा। कार्यक्षेत्र छत्तीसगढ़ होगा। ओरियन एजुकेशन सोसायटी बलौदाबाजार द्वारा मेसन ट्रेनर के 4 पद शैक्षणिक योग्यता आईटीआई, पॉलीटेक्निक, बीटेक उत्तीर्ण एवं अनुभव 1 वर्ष, उम्र, 45 वर्ष तक, वेतन 15 हजार से 20 हजार रूपये, काउंसलर के 2 पद फिजियोलोजी एवं अनुभव 1 वर्ष, उम्र 35 वर्ष, वेतन 12 हजार से 18 हजार रूपये तक, मोबिलाइजर के 4 पद शैक्षणिक योग्यता बारहवी एवं अनुभव 1 वर्ष, उम्र 35 वर्ष, वेतन 10 हजार 15 हजार रूपये तक देय होगा, कार्यक्षेत्र बलौदाबाजार होगा। सेफ इंटेलिजेन्ट सेक्यूरिटी सर्विसेस भिलाई (दुर्ग) द्वारा सेक्यूरिटी गार्ड के 50 पद, शैक्षणिक योग्यता पांचवी से बारहवी उत्तीर्ण, सेक्यूरिटी सुपारवाईजर के 30 पद, शैक्षणिक योग्यता बारहवीं से स्नातक उत्तीर्ण एवं 2 वर्ष का अनुभव, इलेट्रिशियन के 4 पद, शैक्षणिक योग्यता आईटीआई एवं 2वर्ष का अनुभव, केमिस्ट के 2 पद शैक्षणिक योग्यता बीएससी, एमएससी एवं 2वर्ष का अनुभव, वेतन 9 हजार से 15 हजार तक पदानुसार देय होगा। कार्यक्षेत्र रायपुर, दुर्ग, भिलाई, राजनंदगांव, डोंगरगढ़, बालोद छत्तीसगढ़ होगा। इच्छुक आवेदक अनिवार्य रूप से समस्त प्रमाण पत्र आधार कार्ड, दो पासपोर्ट साइज फोटो सहित उपस्थित हो सकते हैं। इस संबंध मे अधिक जानकारी हेतु जिला रोजगार कार्यालय से सम्पर्क किया जा सकता है।

## जिले की बेहतरी के लिए अच्छे से प्रोफेशनली कार्य करें : कलेक्टर : डॉ. सिद्दीकी



**मुड़पार-सरसीवां/पवनी।** कलेक्टर डॉ. फरिहा आलम सिद्दीकी को उनके स्थानांतरण होने पर कलेक्टोरेट सभाकक्ष में विदाई दी गई। अपर कलेक्टर निष्ठा पांडेय तिवारी, संयुक्त कलेक्टर मोनिका वर्मा, प्रकाश भारद्वाज, एसडीएम डॉ. स्निग्धा तिवारी, वासु जैन, डिप्टी कलेक्टर टीआर महेश्वरी, अधीक्षक लक्ष्मीनारायण यादव, सहायक अधीक्षक कृष्णकांत स्वर्णकार ने कलेक्टर डॉ. सिद्दीकी के साथ कार्य करने के अनुभव को साझा किया। परियोजना निदेशक पंचायत हरिशंकर चौहान ने गजल गाकर विदाई दी। कलेक्टर डॉ. सिद्दीकी ने कहा कि पिछले 14 महीनों से हमने जिले में कार्य किए हैं। कलेक्टर कार्यालय और आयोजन से जुड़े छोटे–छोटे जरूरी कामों को हमने पूरा किया है। चुनाव का दौर सबसे अच्छा दौर था। हमने छह महीने पहले ही तैयारी शुरू कर दिए थे। मैंने हमेशा से पॉजीटिव माहौल बनाने की कोशिश की। ट्रांसफर–पोस्टिंग सतत प्रक्रिया है। मैंने इसे अवसर के रूप में हमेशा लिया है। हम सभी एक दूसरे से हमेशा जुड़े रहेंगे। हो सकता है भविष्य में आप में से किसी के साथ फिर दोबारा काम करने का अवसर मिलें। इस जिले के बेहतरी के लिए आप सभी प्रोफेशनली अच्छे से कार्य करें।

- कलेक्टोरेट सभाकक्ष में कलेक्टर डॉ. सिद्दीकी को विदाई दी गई

आप सभी को परिवार सहित मंगल कामना। इस अवसर पर डिप्टी कलेक्टर बी. एक्का, खाद्य अधिकारी चित्रकांत ध्रुव, जिला कोषालय अधिकारी चन्द्रपाल सिंह ठाकुर, सहायक आयुक्त आशीष बैनर्जी, सभी तहसीलदार सहित जिला कलेक्टोरेट के अधिकारी–कर्मचारी आदि उपस्थित थे। इस अवसर पर अधिकारियों–कर्मचारियों ने कलेक्टर डॉ. सिद्दीकी को भेंट प्रदान किए और सभी के साथ कलेक्टर डॉ. सिद्दीकी ने सामूहिक फोटो खिंचवाई।

## धनसीर में 24 कुण्डीय गायत्री महायज्ञ आज से

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलाईगढ़



ग्राम धनसीर में नारी सशक्तिकरण वर्ष 2023–24 अंतर्गत 24 कुण्डीय राष्ट्र जागरण अभियान गायत्री महायज्ञ 5 से 8 जनवरी तक आयोजन किया गया है।

कार्यक्रम 5 जनवरी को दोपहर 1 बजे से सतगुरु ज्ञान गंगा सद्ग्रंथ एवं मंगल कलश यात्रा, शाम 6 संगीत प्रवचन, 6 जनवरी को प्रातः 6 बजे से ध्यान साधना एवं प्रज्ञा योग, प्रातः 8 बजे से यज्ञ का ज्ञान विज्ञान एवं देवपूजन एवं गायत्री महायज्ञ, दोपहर 2 बजे से करकर्ता गोष्ठी, शाम 6 बजे से संगीत प्रवचन नारियों जागो एवं स्वयं को पहचानों, 7 जनवरी को 6 बजे से ध्यान साधना एवं प्रज्ञा योग, प्रातः 8 बजे से संस्कार परंपरा, गायत्री महायज्ञ एवं विभिन्न संस्कार, सायं 6 बजे से संगीत प्रवचन, राष्ट्र समर्थ और सशक्त कैसे बने ( सप्त आंदोलन एवं दीप महायज्ञ) 8 जनवरी प्रातः 6 बजे से ध्यान साधना एवं प्रज्ञा योग, 8 बजे से युगतीर्थ शांतिकुंज गायत्री महायज्ञ एवं विभिन्न संस्कार पूर्णाहुति एवं वंदनीया माताजी की जन्म शताब्दी के न्यूनतम संकल्प, साधना ज्ञान घट अंशदान, प्रशिक्षित समयदानी, युगसाहित्य प्रचार का संकल्प। कार्यक्रम के प्रथम दिवस में भव्य कलश यात्रा बजरंग चौक यज्ञ स्थल से प्रारंभ होकर गायत्री मंदिर होकर ग्राम भ्रमण करते हुए ठाकुर तालाब से कलश में जल भरकर मेन रोड होकर पुनः यज्ञ स्थल तक पहुंची। इस कार्यक्रम में बिलाईगढ़, पवनी, छिर्रा, भटगांव, सरसीवा एवं आस–पास तथा दूरस्थ क्षेत्रों से गायत्री परिजन एवं ग्रामवासी बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

### कलश यात्रा से शुभारंभ ...



**खरोरा।** ग्राम माठ में श्रीमद भागवत कथा का आयोजन किया गया है। प्रथम दिन कलश यात्रा में गांव की महिलाओं ने उत्साह से भाग लिया व तालाब से जल लाकर व ग्राम देवी देवताओं को निमंत्रित कर कलश स्थापना कर श्रीमद भागवत का शुभारंभ किया। गोवर्धन पाल ने कहा कि इस प्रकार का आयोजन में पूरा सहयोग महिलाओं द्वारा किया जा रहा है।

### कठिन तप करने से ही ईश्वर मिलते हैं : पं. तिवारी

बलौदाबाजार3 से 11 जनवरी तक चलने वाले संगीतमय नौ दिवसीय श्रीमद् भागवत महापुराण कथा में तृतीय दिन कपिल व्याख्यान, शिव पार्वती विवाह व ध्रुव चरित्र की कथा बताई गई। नगर के गौरवपथ आरटीओ ऑफिस के पीछे चल रहे नौ दिवसीय भागवत महापुराण कथा का शुक्रवार को तीसरा दिन था। कथा वाचक पं. पुनेश्वर तिवारी ने तृतीय दिन की कथा में बताया की ईश्वर को पाने की लिए कठिन तप की आवश्यकता होती है। स्वयं पार्वती माता को भगवान शिव को पाने के लिए कठिन तपस्या करनी पड़ी थी। ठीक इसी प्रकार राजा उत्तानपद के पुत्र ध्रुव ने भगवान हरि को पाने के लिए कठिन तपस्या की तब जाकर भगवान हरि मिले। भागवत महापुराण में शिव पार्वती के विवाह की झांकी प्रस्तुत किया गया था। कथा स्थल पर आए लोगों ने शिव पार्वती के विवाह में भेंट देकर आशीर्वाद लिया। आज प्रह्लाद चरित्र व भगवान नरसिंह अवतार की कथा सुनाई जाएगी।



## अशोक वाटिका से चरण पादुका पहुंची ग्राम मूरा

हरिभूमि न्यूज ⏭ खरोरा



श्रीलंका के अशोक वाटिका से लायी गई चरण पादुका आदर्श ग्राम मूरा पहुंची। स्वतंत्रता संग्राम सेनानी पं.लखन लाल मिश्र परिसर में मिश्रा परिवार द्वारा आयोजित कार्यक्रम में सैकड़ों युवाओं ने भगवा ध्वज लहराते हुए जय जय श्रीराम के नारों व जयघोष एवं रामधुनी दल द्वारा चरण पादुका एवं प्रभारी संतों का भावपूर्ण अभिनंदन किया।

दर्शनार्थ एवं पूजनार्थ पवित्र परिसर में स्थापित कर वैदिक रीति से प्रकाण्ड पंडितों के सानिध्य में दीप प्रज्वलित कर विधिवत पादुका पूजन किया गया। कार्यक्रम का प्रभावी संचालन दौलत धुरंधर ने किया। पूजन में काली शक्ति पीठ के पंडित पाठक, पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष डोगेन्द्र नायक, गौरक्षा संघ के राजकुमार ठाकुर, अरविंद ठाकुर, मंडल अध्यक्ष नरेन्द्र सिंह ठाकुर, उपाध्यक्ष द्वय डोमार धुरंधर, छगन यादव, सीटू भाटिया, सुनील नायक, दीपक धनकर, प्रेमप्रकाश निषाद, मारुतिनंदन वर्मा, सविता चंद्राकर, खेमनाथ नायक, विजय केसरवानी, चितावर जायसवाल, सरजू साहू, नीलकंठ वर्मा, भगबली ध्रुव, केंवरा वर्मा, नंद पाल, मुन्ना पाल सहित सैकड़ों की संख्या में स्वयं सेवक संघ, भाजपा के वरिष्ठ पदाधिकारी, ग्रामवासी व अंचल के भक्तजन व भजन मंडलियां शामिल हुईं।

Health Town
यशवंत एवं श्री धनवन्तरी हॉस्पिटल
उपलब्ध सुविधाएं
• Revision TKR,THR
• जोड़ प्रत्यारोपण सर्जरी (TKR,THR)
• अत्याधुनिक ऑपरेशन थियेटर एवं उपकरण
• विशेष अर्थराइटिस क्लीनिक
सुबह 10.30 to 2.30 pm., सायं 7.00 to 8.30 pm.
तात्यापारा चौक, जी.ई.रोड,रायपुर (छ.ग.) फोनः 0771-2234153,4074154
8817428621,6265421645

मिरैकल्स होम्योपैथी हॉस्पिटल
छत्तीसगढ़ में प्रथम होम्योपैथी मेडिसीन पर एम.डी.
डॉ. ए.के. चौरसिया (एम.डी)
पोस्ट द्वारा दवाईयां उपलब्ध
जर्मन दवाईयों द्वारा उपचार
छत्तीसगढ़ में होम्योपैथी की वरिष्ठ चिकित्सा, प्रोफेसर महाराना प्रताप कॉलेज, रायपुर (छ.ग.)
मो. 9406004581
मो. 7869048192
अग्रिम रजिस्ट्रेशन
जड़ से इलाज
ठण्ड पर जोड़ो पर दर्द, गठियावात, नशों में दर्द का संपूर्ण निदान।
L4-L5 नशों में दबाव, शून्यपन, सयाटिका, दोनों पाव पर दर्द, अकड़न।
घुटना - घुटने पर सूजन, दर्द, ज्यादा चलने पर बैठकर उठने पर दर्द, ऐड़ी, कंधा, कोहनी, गर्दन दर्द का संपूर्ण निदान।
विज्ञापन हेतु संपर्क करें: 0771-4242213, 7987119756, 9303508133

## खबर संक्षेप

### आज विकसित भारत संकल्प यात्रा में शामिल होंगे सांसद सोनी

**भाटापारा।** विकसित भारत संकल्प यात्रा के अंतर्गत ग्रामीण क्षेत्रों में लगातार कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं। इसी कड़ी में



भाटापारा नगर पालिका क्षेत्र अंतर्गत 6 जनवरी को दो चरणों में कार्यक्रम आयोजित किये गए हैं। इसके प्रथम चरण में आज सुबह 8 से 1 बजे तक जय स्तंभ चौक में कार्यक्रम आयोजित है। वहीं दूसरे चरण में 2 से 5 बजे तक लोकोत्सव मैदान में कार्यक्रम किया जा रहा है। उक्त कार्यक्रम में केंद्र सरकार की विभिन्न योजनाओं जैसे प्रधानमंत्री आवास योजना, विश्वकर्मा योजना के आवेदन, उज्ज्वला योजना, मुद्रा लोन व आधार कार्ड, राशन कार्ड, आयुष्मान कार्ड तत्काल बना कर दिए जाएंगे।। उक्त कार्यक्रम में रायपुर सांसद सुनील सोनी, भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष शिवरतन शर्मा विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे।

### मुख्यमंत्री शिक्षा गौरव अलंकरण पुरस्कार का आयोजन 8 को

**बलौदाबाजार।** जिला बलौदाबाजार-भाटापारा के प्राथमिक, उच्च प्राथमिक शालाओं के शिक्षकों का सम्मान शिक्षादूत एवं ज्ञानदीप पुरुस्कार समारोह 8 जनवरी को जिला मुख्यालय स्थित मांगलिक भवन सिविल लाइन में किया जाएगा। उक्त कार्यक्रम का आयोजन सुबह 11 बजे से होगा, जिसमें मुख्य अतिथि मंत्री टंकराम वर्मा, अध्यक्षता जिला पंचायत अध्यक्ष राकेश वर्मा एवं विशिष्ट अतिथि नगर पालिका परिषद अध्यक्ष चित्तावर जायसवाल, जिला पंचायत उपाध्यक्ष रीमती सरिता ठाकुर, समाज सेवी विजय केसरवानी शिरकत करेंगे। उक्त जानकारी जिला शिक्षा अधिकारी बी एल देवांगन द्वारा दी गईं है।

## तैयारी : जिला निर्वाचन अधिकारी ने राजनीतिक दलों के साथ की बैठक

# लोकसभा चुनाव की तैयारी शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बलौदाबाजार



प्रभारी जिला निर्वाचन अधिकारी नम्रता जैन ने शुक्रवार को कलेक्टोरेट सभाकक्ष में मान्यता प्राप्त राजनीतिक दल के प्रतिनिधियों के साथ बैठक कर विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण 2024 कार्यक्रम एवं लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के संबंध में जानकारी दी। बैठक में उन्होंने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा फोटोयुक्त निर्वाचक नामावलियों के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण अर्हता तिथि 1 जनवरी 2024 के संबंध में पुनरीक्षण कार्यक्रम निर्धारित किया गया है। एकीकृत मतदाता सूची का प्रारम्भिक प्रकाशन 6 जनवरी को किया जाएगा। दावा–आपत्ति प्रस्तुत करने की तिथि 6 से 22 जनवरी तक होगी। विशेष अभियान 13 से 14 जनवरी तक तथा मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन 8 फरवरी तक निर्धारित किया गया है।

**विशेष पुनरीक्षण कार्यक्रम 2024 के संबंध में दी गई जानकारी**

बताया गया कि आयोग द्वारा अर्हता तिथि 1 जनवरी 2024 के साथ– साथ तीन अन्य अर्हता तिथियां 1 अप्रैल, 1 जुलाई एवं 1 अक्टूबर, 2024 को भी 18 वर्ष की आयु पूर्ण करने वाले युवा एवं नए नागरिकों के प्ररूप–6 में अग्रिम आवेदन प्राप्त किये जाएंगे। 6 जनवरी की स्थिति में मतदाताओं की विधानसभावार स्थिति की जानकारी दी गई। विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 43 बिलाईगढ़ में कुल 101789 मतदाता हैं, जिनमें 51195 पुरूष, 50593 महिला और 1 थर्ड जेण्डर मतदाता हैं। विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 44 कसडोल में कुल 362064 मतदाता हैं जिनमें 181491 पुरुष, 180570 महिला एवं 3 थर्ड जेण्डर मतदाता हैं। विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 45 बलौदाबाजार में कुल 178862 मतदाता है, जिनमें 89138 पुरुष, 89724 महिला और 0 थर्ड जेण्डर मतदाता हैं। विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 46 भाटापारा में कुल मतदाता 253129 मतदाता हैं, जिनमे 126175 पुरुष, 126943 महिला और 11 थर्ड जेंडर मतदाता हैं। इस तरह जिले में कुल 895844 मतदाता हैं, जिनमें 447999 पुरुष, 447830 महिला, 15 थर्ड जेण्डर, 8155 दिव्यांग एवं 18752 युवा मतदाता हैं।

जिले की चारों विधानसभा में कुल 1009 मतदान केन्द्र हैं, जिसमें विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 43 बिलाईगढ़ में 129, विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 44 कसडोल में 402, विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 45 बलौदाबाजार में 196 एवं विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 46 भाटापारा में 282 मतदान केन्द्र शामिल हैं। बैठक में उप जिला निर्वाचन अधिकारी आरआर दुबे सहित इंडियन नेशनल कांग्रेस, भारतीय जनता पार्टी, बहुजन समाज पार्टी, आम आदमी पार्टी ,छत्तीसगढ़ जनता कांग्रेस (जे) पार्टी के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

### नवनियुक्त कलेक्टर ने राजनीतिक दलों के साथ की बैठक



**भटगांव।** कलेक्टर के एल चौहान ने कलेक्ट्रोटेट कार्यालय में पदभार ग्रहण करने के पश्चात राजनीतिक दलों के साथ बैठक ली। बैठक में श्री चौहान ने फोटोयुक्त निर्वाचक नामावलियों के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम अंतर्गत मतदाता सूची के प्रारंभिक प्रकाशन के संबंध में सभी को अवगत कराया। कलेक्टर ने बताया कि मतदाता सूची का प्रारंभिक प्रकाशन 6 जनवरी को जिले के सभी मतदान केंद्रों में निर्वाचन रजिस्ट्रीकरण अधिकारी कार्यालय एवं सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी कार्यालय में किया जाएगा। इसके साथ ही मतदाता सूची में संशोधन अंतर्गत नाम जोड़ने, हटाने एवं स्थानांतरण के कार्य हेतु जिले के सभी मतदान केंद्रों में विशेष शिविर के आयोजन के संबंध में जानकारी दी एवं आवश्यक निर्देश दिए। इसके अलावा कलेक्टर चौहान ने वोटर हेल्पलाइन एवं नवीन मतदाताओं को जोड़ने के संबंध में फार्म 6 फॉर्म 7 एवं फार्म 8 के बारे में विस्तृत जानकारी दी। साथ ही उपस्थित राजनीतिक दलों के सदस्यगणों से भी सुझाव लिए। इस अवसर पर राजनीतिक दलों के सदस्य एवं अपर कलेक्टर निष्ठा पाण्डेय तिवारी, उप जिला निर्वाचन अधिकारी प्रकाश भारद्वाज, एसडीएम द्वय डॉ स्निग्धा तिवारी, वासु जैन, डिप्टी कलेक्टर टी आर माहेश्वरी उपस्थित थे।

### मजदूरों के हितों का पालन कराने श्रम आयुक्त से मजदूर संघ प्रदेश अध्यक्ष ने की मांग

**सिमगा।** राष्ट्रीय मजदूर कांग्रेस (इंटक) प्रदेश अध्यक्ष पप्पू अली ने छत्तीसगढ़ की सभी फैक्ट्रियों द्वारा की जा रही मनमानी पर श्रम आयुक्त को पत्र लिखकर लगाम कसने एवं मजदूरों के हित में विधिवत कार्रवाई करने की बात कही है। अली ने बताया कि प्राप्त शिकायत के अनुसार करखाने में मजदूरों के स्वास्थ्य सुरक्षा और कल्याण कार्य मजदूरी सहित वर्णित



आवश्यक आदि प्रावधानों का पालन नहीं किया जा रहा है। कारखाना अधिनियम के तहत 8 घंटे से अधिक कार्य पर श्रमिक को नहीं लगाया जा सकता है। शिकायत प्राप्त कारखाने में मेंटेनेंस डिपार्टमेंट में कार्यरत सभी कर्मचारियों को सुबह 8 से रात 8 बजे तक पूरा समय कारखाने में उपस्थित रहना अनिवार्य किया गया है।

### मोहरा में मंडई-मेला 7 को

**हिरमी-रावन।** ग्राम मोहरा में 7 जनवरी को समस्त ग्रामवासियों के सहयोग से मड़ई मेला का आयोजन रखा गया है।रात्रिकालीन लोक कलारंग अजुर्दा वालों का कार्यक्रम आयोजित किया गया है। उक्त जानकारी ग्रामीण प्यारेलाल वर्मा ने दी।

### घर में छिपाकर रखा था कट्टा, पुलिस ने किया जब्त

**रायपुर।** खम्हारडीह थाने की पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर एक युवक के कब्जे से घर में छिपाकर रखे देशी कट्टा जब्त की है। कचना, रावण तालाब निवासी सुरेश यादव के कब्जे से कट्टा जब्त की गई है। पुलिस के अनुसार हुलिए के आधार पर सुरेश को थाने लाकर पूछताछ किया गया तब उसने अपने घर के एक कमरा में कट्टा छिपाकर रखे होने की जानकारी पुलिस को दी।





